नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से
ग्वालियर 31 वां वर्ष संस्करण

# एमएसएमई को 200 करोड़

**700** इकाइयों को दी प्रोत्साहन राशि | **63** स्टार्टअप्स को एक करोड़ राशि की प्रदान | **237** उद्यमियों को सौंपे भू-आवंटन पत्र | **5084** युवाओं को दिया 347 करोड़ का ऋण

**भोपाल, 13 अक्टूबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य प्रदेश में उद्यमिता को प्रोत्साहित करके युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना है. यह वर्ष निवेश और रोजगार वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है. उन्होंने उद्यम क्रांति योजना का हवाला देते हुए कहा कि अब युवा रोजगार मांगने वाले नहीं, बल्कि रोजगार देने वाले बन रहे हैं. एमएसएमई भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, ये रोजगार के अवसर देते हैं और आत्मनिर्भर भारत की नींव मजबूत करते हैं.**



मुख्यमंत्री यादव ने भोपाल के ताज होटल लेक फ्रंट में कहा कि नए भारत के निर्माण और आत्मविश्वास का संदेश देते हुए कहा कि आज का सम्मेलन औद्योगिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि दीपोत्सव का शुभारंभ है. मुख्यमंत्री ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग की योजना के तहत 700 एमएसएमई इकाइयों को 197 करोड़ रुपये से अधिक की प्रोत्साहन राशि वितरित की. 63 स्टार्टअप्स को ईआईआर सहायता योजना के तहत 1 करोड़ रुपये से अधिक की राशि प्रदान की गई. उन्होंने 237 उद्यमियों को भू-आवंटन पत्र देकर उद्योग स्थापना में सुविधा सुनिश्चित की. उद्यम क्रांति योजना के तहत 5084 युवाओं को 347 करोड़ से अधिक का बैंक ऋण भी वितरित किया गया. मुख्यमंत्री ने उद्यमियों से संवाद कर सरकार की प्रोत्साहन नीतियों की जानकारी दी और उन्हें शुभकामनाएं दीं.

डॉ. यादव ने बताया कि भारत में 6 करोड़ से अधिक एमएसएमई हैं, जो देश की जीडीपी में लगभग 30 प्रतिशत योगदान और कुल निर्यात में 45 प्रतिशत हिस्सेदारी रखते हैं. छोटे उद्योग देश के लाखों परिवारों की आशा, आत्मसम्मान और रोजगार का आधार हैं. मध्यप्रदेश स्टार्टअप पॉलिसी-2025 के तहत नए स्टार्टअप्स को एक वर्ष तक प्रतिमाह 10 हजार रुपये की सहायता दी जा रही है. वर्तमान में प्रदेश में 6 हजार से अधिक स्टार्टअप रजिस्टर्ड हैं, जिनमें से 47 प्रतिशत की कमान महिलाएं संभाल रही हैं. 102 इंक्यूबेशन सेंटर युवाओं को उनके आइडिया को आगे बढ़ाने का अवसर दे रहे हैं.


> इस वर्ष उद्योगों को 800 से अधिक भूखंड प्रदान किए जा चुके हैं. प्रदेश में 19 नए औद्योगिक क्षेत्र बनाए जा रहे हैं और 10 नए क्षेत्रों के विकास का प्रस्ताव तैयार है. मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के तहत 50 लाख रुपये तक का लोन बिना गारंटी उपलब्ध कराया जा रहा है. मुख्यमंत्री ने वोकल फॉर लोकल और स्वदेशी उद्योगों के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि एमएसएमई और स्टार्टअप्स के माध्यम से भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और मजबूत बनाया जा सकेगा.

# कनाडा-भारत के संबंध होंगे मजबूत

- कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद से मिले पीएम मोदी
- विदेश मंत्री जयशंकर से भी की मुलाकात

**नई दिल्ली 13 अक्टूबर. कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की. पीएम मोदी ने खुद इस मुलाकात की तस्वीरों को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया. इसके साथ ही पीएम मोदी ने कनाडाई मंत्री के साथ हुई चर्चा को लेकर जानकारी दी.**

पीएम मोदी ने अपनी पोस्ट में लिखा, कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद का स्वागत किया. आपसी विकास और समृद्धि के लिए व्यापार, प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, कृषि और लोगों के बीच आदान-प्रदान में सहयोग को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की गई. इससे पहले, कनाडाई विदेश मंत्री ने एस जयशंकर के साथ बैठक की.



## पीएम ने केंद्रीय मंत्री का लेख किया साझा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी का एक लेख साझा किया है, जिसमें व्यापकता, कौशल और आत्मनिर्भरता के माध्यम से विकास के प्रति भारत के विशिष्ट दृष्टिकोण का उल्लेख किया गया है. मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर उनका लेख साझा करते हुए लिखा, पुरी ने इस लेख में इस बात पर प्रकाश डाला है कि जहां विकसित देश सीमित हो रहे हैं वहीं भारत व्यापकता, कौशल और आत्मनिर्भरता के माध्यम से एक अलग रास्ता अपना रहा है. उन्होंने कहा कि सुधार, डिजिटल नवाचार और युवा कार्यबल भारत को विश्व के विकास इंजन के रूप में उभरने में सहायता कर रहे हैं.

# लालू, राबड़ी और तेजस्वी पर आरोप तय

- आईआरसीटीसी घोटाले मामले में हुई कार्रवाई
- राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश ने की सुनवाई





**नई दिल्ली 13 अक्टूबर. राष्ट्रीय राजधानी की एक स्थानीय अदालत ने सोमवार को कथित भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम लिमिटेड (आईआरसीटीसी) घोटाला मामले में पूर्व रेल मंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल (राजद) अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव, उनकी पत्नी राबड़ी देवी, बेटे तेजस्वी यादव और कई अन्य के खिलाफ कई आपराधिक आरोप तय कर दिए.**

राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश (पीए एक्ट) विशाल गोगने ने सोमवार को मामले की सुनवाई की. इसमें बिहार के पूर्व रेल मंत्री पर भ्रष्टाचार, आपराधिक षड्यंत्र और धोखाधड़ी के आरोप लगाए गए हैं, उनकी पत्नी राबड़ी देवी और पुत्र तेजस्वी यादव पर भी षड्यंत्र और धोखाधड़ी सहित कई आरोप तय हुए हैं. सभी आरोपियों ने अदालत से कहा कि वे इस मामले में निर्दोष हैं. इसके बाद से मामले का अदालत में चलने का रास्ता खुल गया.

# कैरोलिना में गोलीबारी में चार लोगों की मौत

**न्यूयॉर्क, 13 अक्टूबर.** अमेरिकी के साउथ कैरोलिना के ब्यूफोर्ट काउंटी के एक भीड़भाड़ वाले बार में रविवार तड़के हुई गोलीबारी में चार लोगों की मौत हो गई और अन्य 20 घायल हो गये. ब्यूफोर्ट काउंटी शेरिफ कार्यालय ने बताया कि कल सेंट हेलेना द्वीप स्थित विलीज़ बार एंड ग्रिल में गोलीबारी की कई खबरें मिलने पर पुलिस अधिकारियों को बुलाया गया था. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गोलीबारी के समय सैकड़ों लोग घटनास्थल पर मौजूद थे.

# ट्रम्प ने किया इजरायल-हमास जंग के खात्मे का ऐलान

**वाशिंगटन, 13 अक्टूबर. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को इज़रायल और हमास के बीच जंग के खत्म होने का ऐलान कर दिया. ट्रम्प ने अपने खास विमान एयर फोर्स वन में पत्रकारों से बात करते हुए युद्धविराम के टिके रहने पर पूरा भरोसा जताते हुए कहा, मुझे लगता है कि यह जारी रहेगा.**

इसके जारी रहने के कई कारण हैं. लेकिन मुझे लगता है कि लोग इससे थक चुके हैं. सदियों बीत गये हैं. शुक्रवार सुबह लागू हुआ यह युद्धविराम ट्रम्प की 20-



सूत्रीय गाजा शांति योजना के पहले चरण के बाद आया है. इस योजना में हमास का निरस्त्रीकरण और क्षेत्र में अमेरिका के नेतृत्व में एक समन्वय केंद्र की स्थापना शामिल है. इसके अगले चरणों पर बातचीत अभी भी जारी है.

युद्धविराम समझौते के तहत, हमास और इजरायल सभी बंधकों को रिहा करेंगे. यह जंग सात अक्टूबर, 2023 को इज़रायल पर हमास के हमलों से शुरू हुयी थी. हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, तब से, इजरायल की सैन्य प्रतिक्रिया में 67,000 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गये हैं, जिनमें 18,000 से अधिक बच्चे शामिल हैं. उड़ान भरने से पहले, ट्रम्प ने इस यात्रा को 'एक बेहद खास समय' बताते हुए इसे दुर्लभ एकता का क्षण बताया.

## इजराइल के 20 नागरिकों को बंधक से किया रिहा

**नयी दिल्ली/यरुशलेम.** फिलीस्तीन समर्थक संगठन हमास ने सोमवार को इजरायल के सभी 20 जीवित नागरिकों को रिहा कर दिया जिन्हें सात अक्टूबर 2023 को इजरायल पर हुए हमले के दौरान बंधक बना लिया गया था. अंतरष्ट्रीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक बंधकों के दूसरे और अंतिम समूह को 738 दिनों बाद इजरायल को सौंप दिया गया.




| MODEL | 125 NEON | 125 CF | NS 125 | N160 |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| 100% GST लाभ | ₹7 161/-* | ₹8 034/-* | ₹9 274/-* | ₹11 640/-* |
| PF + इंश्योरेन्स सेविंग्स | ₹2 600/-* | ₹2 900/-* | ₹3 300/-* | ₹4 200/-* |
| हैट-ट्रिक सेविंग्स | ₹9 761/-* | ₹10 934/-* | ₹12 574/-* | ₹15 840/-* |

10 YEAR WARRANTY | BAJAJ SECURE • AMC • ROAD SIDE ASSISTANCE | 72198 21111 | HDFC BANK | SHRIRAM Finance | IDFC FIRST Bank ALWAYS YOU FIRST | BAJAJ AUTO CREDIT | L&T Finance | TATA CAPITAL Two Wheeler Loans

*नियम और शर्तें लागू. हैट-ट्रिक सेविंग्स 22 सितंबर 2025 से मान्य. कुल सेविंग्स में शामिल है 100% GST लाभ, (एक्स शोरूम कीमत और लागू होने वाले RTO टैक्स पर), शून्य प्रोसेसिंग फी, और 1 साल का ओन डैमेज इंश्योरेन्स. शून्य PF और OD पर सेविंग्स फ़ायनान्सर/ इंश्योरेन्स-कर्ता पर निर्भर करते हुए लोकेशन्स के अनुसार बदल सकती हैं. फ़ायनान्स उपलब्ध है फ़ायनान्सर के अपने स्व-निर्णय पर. 5 वर्ष की स्टैण्डर्ड वॉरंटी + 5 वर्ष की विस्तारित वॉरंटी @ ₹999/-. स्टंट्स, एक्सपर्ट्स द्वारा प्रोफ़ेशनल सुपरविज़न के तहत, नियंत्रित वातावरण में किए गए हैं. कृपया इन स्टंट्स की नकल करने का प्रयास न करें और हर समय ट्रैफ़िक तथा सुरक्षा नियमों का पालन करें.

**Authorised Dealers for Bajaj Auto Ltd.: Gwalior: Tansen Marg** TIRUPATI BAJAJ-9522226003 • **OM Advance Bajaj,Nawab sahab ka kua,Shinde ki Chawani** 9109102382, **Om Advance,Ankita Towers,Naka Chandra Wadni,Sakhiya Vilas**-9109102385 **Om Advance bajaj,City Centre**-9109102384, **Om Advance bajaj,Jhansi Road Datia**-9109170765, **Morena** Kamadgiri BAJAJ 9329399165 • **Shivpuri** KK BAJAJ 9425156633 • **Bhind Shankar Motors** 8717894211.